# केंद्रीय मंत्री ने लिया शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानन्द का आर्शीवाद

## कोलौंहा गांव में बन रहे विशाल संस्कृत गुरुकुलम का केन्द्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने किया अवलोकन

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 29 अप्रैल। भगवान श्रीराम की तपोभूमि के रूप में विश्व विख्यात पौराणिक तीर्थ चित्रकूट अब वैश्विक पहचान की ओर बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा चित्रकूट में कराया जा रहे विकास कार्यों से प्रेरित हो अब संत समाज ने भी इस भूमि के विकास के लिए कमर कस ली है।**

पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानन्द देवतीर्थ जी महाराज ने चित्रकूट के मड़फा महादेव भगवान के सानिध्य में स्थित को कोलौंहा गांव में एक विशाल संस्कृत गुरुकुलम की आधारशिला रखी है।



केंद्रीय पत्तन पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री एवं असम के पूर्व मुख्यमंत्री रहे सर्वानन्द सोनोवाल ने चित्रकूट पहुंचकर पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानन्द देवतीर्थ जी महाराज का आर्शीवाद लिया। केंद्रीय मंत्री ने शंकराचार्य जी महाराज की कुटिया पहुँचकर चरण पादुकाओं का पूजन किया। इसके बाद शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानन्द जी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री का काफिला मड़फा महादेव पहुंचा यहाँ पर विद्वान पुरोहितों ने विधि विधान से केंद्रीय मंत्री के हाथों भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन सम्पन्न कराया।

मड़फा महादेव की आराधना के बाद केंद्रीय मंत्री सर्वानन्द सोनोवाल कोलौंहा में स्वामी अधोक्षजानन्द जी द्वारा स्थापित किये जा रहे संस्कृत गुरुकुलम के निर्माण कार्य का जायजा लिया। कोलौंहा में इस गुरुकुलम निर्माण के पहले ही वैदिक क्रियाकलापों का आयोजन लगातार जारी है। असम से आए केंद्रीय मंत्री सर्वदानंद ने गुरुकुलम प्रांगण में चल रहे वैदिक अनुष्ठान में सम्मिलित होकर यज्ञ और हवन में भाग लिया।

आपको बता दे कि शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानन्द देवतीर्थ जी महाराज ने जब से मड़फा महादेव के सानिध्य में यज्ञ हवन और विशेष अनुष्ठान प्रारंभ करके गुरुकुल की नींव रखी है तब से कोई ना कोई मंत्री और विशिष्टजन का आवागमन होता ही रहता है।

केंद्रीय मंत्री सर्वानन्द सोनोवाल को भी भगवान शिव का यह धाम बेहद पसंद आया और उन्होंने शंकराचार्य जी महाराज द्वारा चित्रकूट के विकास के लिए प्रारम्भ किए गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होने कहा कि चित्रकूट विष्व विख्यात तीर्थ है। केंद्र की मोदी और उत्तर प्रदेष की योगी सरकार द्वारा भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए किये जा रहे कार्य बहुत की सराहनीय है। आने वाले समय में चित्रकूट केवल उत्तर प्रदेष ही नही पूरे देष का प्रमुख पर्यटन केंद्र बनेंगा। देषी विदेषी सैलोनियों का आवागमन बढने से चित्रकूट में पर्यटन आधारित रोजगार के अवसर बढेगें। इस मौके पर समाजसेवी अरूण तिवारी समेत जगदगुरू शंकराचार्य जी महाराज के सैकडो षिष्य मौजूद रहे।

# विद्या भारती प्रांतीय एथलेटिक्स की प्रतियोगिता में ब्राजील केवट दो स्पर्धाओं में रहे प्रथम

▶ **रामपुर के ब्राजील केवट क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महाकौशल प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगे**



नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 29 अप्रैल। सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर बाघेलान के छात्र जयप्रकाश साहू एवं ब्राजील केवट विद्यालय के आचार्य शिवम नामदेव के मार्गदर्शन में विद्या भारती एथलेटिक्स की प्रांतीय प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए । ब्राजील केवट ने बाल वर्ग 600 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान अर्जित किया साथ ही 400 मीटर की रिले दौड़ में भी प्रथम स्थान अर्जित किया । वहीं जयप्रकाश साहू ने तरुण वर्ग क्रॉस कंट्री में सातवां स्थान अर्जित किया ।**

आगामी क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ब्राजील केवट महाकौशल प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगे । इसके पूर्व विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में क्रमशः ब्राजील ने 600 मीटर दौड़ में प्रथम 400 मीटर में द्वितीय स्थान अर्जित किया इनके साथ ही जयप्रकाश साहू ने 6 किमी क्रॉस कंट्री में चतुर्थ और 5 किमी में द्वितीय स्थान अनुज सिंह ट्रिपल जंप द्वितीय दीपिका सिंह तवा फेंक द्वितीय दीपा सिंह ऊंची कूद द्वितीय सौम्या तिवारी 400 मीटर द्वितीय एवं आकांक्षा मिश्रा ने 100 मीटर हर्डल रेस द्वितीय स्थान अर्जित किया ।विभाग प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी विद्यालय आचार्य विनोद मिश्रा के मार्गदर्शन में सम्मिलित हुए थे । इन प्रतियोगिताओं में विजेता एवं सम्मिलित सभी भैया बहनों को विद्यालय परिवार की ओर से उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई ।



# सरस्वती विद्यालय में हुई प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 29 अप्रैल। सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर बाघेलान प्रांगण में मां सरस्वती गणेशजी एवं हनुमानजी की प्रतिमाओं का 3 दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ ।**

इस मंदिर का निर्माण डॉ रामस्वयंवर त्रिपाठी द्वारा अपने स्वर्गीय पिता डॉ बाल्मीकि प्रसाद त्रिपाठी की स्मृति में किया गया है जो कि रामपुर सरस्वती के संस्थापक सदस्य रहे हैं । इस मंदिर में स्थापित तीनों सरस्वती जी, गणेश जी एवं हनुमान जी की प्रतिमा स्थापना प्रबंध समिति आचार्य परिवार वर्तमान विद्यार्थी एवं पूर्व छात्र परिषद के सहयोग से संपन्न हुआ । प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति मार्गदर्शक डॉ रामस्वयंवर त्रिपाठी, अध्यक्ष अशोक सिंह ,उपाध्यक्ष रुचिता शुक्ला ,व्यवस्थापक पंकज सोनी ,कोषाध्यक्ष राहुल चौरसिया, प्राचार्य उमेश शुक्ला ,व्याख्याता रामभान मिश्रा व सूर्यमणि त्रिपाठी ने प्राणप्रतिष्ठा पूजन किया । यह प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम पुरोहित शेषमणि शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ एवं रवि पाण्डेय सहित विद्यालय के सभी आचार्य व दीदियों ने पूजन व्यवस्था में सहयोग किया । कार्यक्रम के द्वितीय दिवस हवन के दौरान पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह ,बृजेंद्र द्विवेदी, सुरेश द्विवेदी, पुष्पराज शुक्ला, जयनारायण पाण्डेय ,नरेंद्र पाण्डेय सहित नगर के अन्य संभ्रांत नागरिक माताएं बहनें एवं डॉ श्रीराम त्रिपाठी अपने परिवारजनो के साथ सम्मिलित हुए ।

कार्यक्रम के तृतीय दिवस व समापन के अवसर पर भंडारा प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया गया गया जिसमें रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह ,शिवमोहन सिंह ,कुबेर ताम्रकार , प्रबंध समिति के सहसचिव अजय मिश्रा, सदस्य विवेक त्रिपाठी, विष्णुधर भट्ट ,प्रकाश ताम्रकार, घनश्याम द्विवेदी, रामबक्स सिंह ,पूर्व छात्र परिषद सचिव मृत्युंजय त्रिपाठी ,विनय सोनी ,आशीष सिंह एवं आसपास के लोगों सहित सभी अतिथियों ने प्रसाद ग्रहण किया । भंडारा प्रसाद निर्माण में विद्यालय की दीदियों अभिभाविकाओं व पूर्व छात्राओं एवं आचार्यों ने सहयोग किया ।

# पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर लीपा–पोती का आरोप

## रामनगर क्षेत्र में बनते ही उखड़ रही सड़कें, गुणवत्ता पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

**रामनगर 29 अप्रैल। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा रामनगर नगर परिषद क्षेत्र में सड़कों के निर्माण और मरम्मत कार्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़कों पर केवल लीपा-पोती की जा रही है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता बेहद खराब नजर आ रही है।**

बताया जा रहा है कि सड़क निर्माण में गिट्टी, पानी और चिकनाई युक्त मटेरियल का उपयोग कर केवल औपचारिकता पूरी की जा रही है। हालात यह हैं कि जहां एक ओर सड़क बनाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर वह कुछ ही समय में उखड़ने लगती है। जिन मार्गों पर भारी वाहन नहीं चलते, वहां भी सड़कें खराब हो रही हैं, जबकि कुछ व्यस्त मार्गों पर दबाव के कारण थोड़ी बहुत सड़क टिक पा रही है।




**मॉनिटरिंग पर सवाल**– स्थानीय लोगों का कहना है कि विभागीय इंजीनियर, जिनकी जिम्मेदारी निर्माण कार्य की निगरानी करना है, वे शायद ही कभी मौके पर दिखाई देते हैं। इससे कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**अधिकारियों के दौरे में भी दिखी लापरवाही**–हाल ही में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अशोक वर्णवाल और मैहर कलेक्टर विदिशा मुखर्जी रामनगर और देवराजनगर अस्पताल के निरीक्षण के दौरान यहां पहुंचे थे। इस दौरान रामनगर रेस्ट हाउस में साफ-सफाई की कमी और टॉयलेट में उखड़ी टाइल्स को लेकर कलेक्टर ने नाराजगी भी जताई थी।

**मिलीभगत और अनियमितताओं के आरोप**– स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि नगरीय निकाय विभाग और पीडब्ल्यूडी के बीच मिलीभगत के चलते निर्माण कार्यों में अनियमितताएं हो रही हैं। सड़क निर्माण में कहीं पतले सीमेंट डिवाइडर लगाए जा रहे हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर उचित गैप नहीं छोड़ा जा रहा, जबकि निजी स्थानों के लिए पर्याप्त जगह दी जा रही है। आरोप यह भी है कि कुछ मामलों में संविदाकारों को बिना पूरा काम किए ही भुगतान कर दिया जा रहा है।

**हरियाली और योजना का अभाव**–क्षेत्र में सड़कों के किनारे छायादार वृक्षारोपण नहीं किया गया है, जिससे हरियाली का भी अभाव है। इससे साफ है कि विकास कार्यों में दीर्घकालिक योजना की कमी नजर आ रही है।

# थाना प्रभारी और नायब तहसीलदार ने बालविवाह रुकवाया






नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 29 अप्रैल। मैहर जिले के अमरपाटन विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ नई बस्ती निवासी खुशबू कोल पिता स्वर्गीय सोनू कोल उम्र 15 वर्ष के बाल विवाह की सूचना थाना प्रभारी ताला को दी गई ।**

थाना प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार ताला अनिल सिंह को जानकारी दी और साथ में प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके में जाकर खुशबू के दादी मुन्नी कोल जिनकी उम्र 75वर्ष है उनको समझाया और उसके पश्चात शादी पर रोक लगवाया।

# विजय यादव अध्यक्ष बनने पर हर्ष

**चित्रकूट।** सतना के विजयपाल सिंह यादव को चित्रकूट विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाया गया है।



विजयपाल सिंह यादव स्वर्गीय इंद्राज सिंह यादव के बेटे हैं इंद्राज सिंह यादव भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। विजयपाल सिंह यादव विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं और सरस्वती विद्यालय और विद्यापीठ के प्रबंधन से जुड़े रहे हैं उनके मुख्यमंत्री मोहन यादव से उनके निकट के रिश्ते हैं। विजय यादव वर्तमान में शासकीय पीजी कॉलेज सतना के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष और महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रबंध बोर्ड के सदस्य हैं।

## ► एक नजर में ◄



### बिजली कटौती को लेकर ब्यापारी संघ उचेहरा ने सौंपा ज्ञापन

**सतना।** इन दिनो उचेहरा नगर सहित क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती हो रही है एक ओर गर्मी का सितम बढ रहा है तो वहीं दूसरी ओर हो रही बिजली की अघोषित कटौती से नगर सहित ग्रामीण जनो का पारा हाई हो रहा है आगे कोई ऐसी अप्रियस्थित न बने उसी के निदान के लिए व्यापारी संघ उचेहरा के प्रतिनिधि मंडल ने संघ के अध्यक्ष सन्दीप सरावगी की अगुवाई में ज्ञापन सौपते कनिष्ट यंत्री अनुराग पांडेय को यहां के हालातों से रु ब रु कराया जिस पर कनिष्ट यंत्री ने आम जन से पूरा सहयोग बनाये रखने की अपील के साथ संघ को भरोषा दिलाया। संघ ने ज्ञापन के माध्यम से जानकारी देते कहा कि उचेहरा क्षेत्र में 132 के.व्ही.ए. सब स्टेशन होने के बाद भी विद्युत व्यवस्था की आपूर्ति संतोष नही है ।असमय बार – बार लाइट बन्द होने से उपभोक्ताओं के विद्युत उपकरण खराब हो रहे है वर्तमान समय में शादी व्याह का सीजन चल रहा है लाइट कटौती के कारण इस भीषण गर्मी में आमजन सहित व्यापारी परेशान हो रह रहे है। लो–बोल्टेज होने के कारण छोटे– बड़े उद्मियो का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है जिससे जनता एवं व्यवसाइयों में व्यापक असंतोष पनप गया है। गर्मी और आने वाली बारिश के मौसम के पूर्व विद्युत लाइन एवं उपकरणों का मेंटीनेंस का कार्य पहले ही पूर्ण करा लेंने की बात कही जिससे विद्युत प्रदाय में किसी प्रकार का अवरोध न हो ।संघ ने यह भी ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया कि नगर वासियों एवं व्यापारियों में पनपे अंसंतोष को देखते हुए जल्द से जल्द सुधार कार्य करा (स्थायी हल) निकाला जाय जिससे आम उपभोक्ताओ ,ब्यापारियो को समस्या से पूरी तरह निजात मिल सके । ज्ञापन सौपने वालो में संरक्षक पवन ताम्रकार ,सन्तोष अग्रवाल सचिव विक्रांत ताम्रकार , सह कोषाध्यक्ष सन्तोष ताम्रकार (बबलू) ,अभय प्रकास गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य गण मौजूद रहे ।

### आग प्रभावितों को मुआवजा दिया जाए – शिवम पाण्डेय

**कोटर।** जिला के कोटर क्षेत्र और रामपुर बाघेलान में आग की लगातार घटनाओं ने किसानों और ग्रामीणों की स्थिति बेहद गंभीर कर दी है। आगजनी में किसानों की फसलें और घर जलकर पूरी तरह राख हो गए हैं, जिससे कई परिवार बेघर हो गए हैं और उनके सामने रहने तक की समस्या खड़ी हो गई है। कांग्रेस प्रदेश सचिव शिवम पाण्डेय जनार्दनपुर ने इस मुद्दे को लेकर सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।



उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में जल्द से जल्द सर्वे कराकर पीड़ित किसानों और परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वे अपनी जिंदगी फिर से शुरू कर सकें। जानकारी के अनुसार, कोटर नगर पंचायत के हनुमान नगर और रजरवार में दो लोगों के घर आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गए। वहीं अंबेर, बिहरा, रामपुर बघेलान, गोरइया सहित कई गांव भी आग से प्रभावित हुए हैं। इन घटनाओं से ग्रामीणों में डर और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन राहत और बचाव कार्य समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे नुकसान और अधिक बढ़ रहा है। शिवम पाण्डेय ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार जल्द कार्रवाई नहीं करती है तो आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि पीड़ितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# इंटरसिटी का तुर्की में स्टापेज और सतना स्टेशन में खुरचन स्टाल खोलने की मांग

## जबलपुर में डीआरयूसीसी की 154 वीं बैठक सदस्य ने की मुद्दे उठाए

नवभारत न्यूज

**कोटर 29 अप्रैल। आज जबलपुर डी आर एम कमल कुमार तलरेजा की अध्यक्षता में मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति डीआरयूसीसी की 154 वीं बैठक सम्पन्न हुई।**

बैठक में सतना से विक्रम सिंह , मैहर से सत्यभान सिंह, उचेहरा से सोमचंद ताम्रकार, जैतवारा से शुभम त्रिपाठी सहित आठ सलाहकार सदस्य सम्मिलित हुए,सभी सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र के जनहित मुद्दों पर ध्यानाकर्षण करातें हुए यात्रियों के सुविधा हुतु विभिन्न विषयों पर बात की।




बैठक में सदस्य श्री विक्रम सिंह ने सतना रेलवे स्टेशन में एटीएम लगवाना, रीवा जबलपुर इंटरसिटी का तुर्की में स्टॉपेज, कोटर सतना मार्ग में बन रहे ओवर ब्रिज में हो रही देरी , कोटा के लिए सतना से डायरेक्ट ट्रेन सहित रीवा इंदौर 11703/11704, रीवा पुणे 20151/20152 को हफ्ते में 2 दिन चलाने की मांग की साथ ही श्री सिंह ने पूर्व में की गई मांग सतना स्टेशन में प्रसिद्ध खुरचन का स्टाल खुलवाना व रीवा मुंबई ट्रेन 20153/20154 को वीकली से डेली करने की स्वीकृति प्रदान करने पर विभाग डी आर एम कमल कुमार, सीनियर डी सी एम मधुर वर्मा सहित रेलवे अधिकारियों का आभार किया । मैहर से सदस्य सत्यभान सिंह ने बैठक में मां शारदा एक्सप्रेस ट्रेन चलाने व मैहर रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर सुलभ कांप्लेक्स बनाने की मांग की। सदस्य शुभम त्रिपाठी ने जैतवारा में सुपोल पुणे एक्सप्रेस व कानपुर बेतवा एक्सप्रेस का स्टॉपेज एवं निर्माणाधीन अंडर ब्रिज का जल्द पुर्ण करने की मांग की।

# संजय तीर्थवानी के विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बनने पर संजय गुप्ता ने जताया हर्ष

नवभारत न्यूज

**हिरौंदी 29 अप्रैल। विंध्य विकास प्राधिकरण में संजय तीर्थवानी को उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है।**



संजय तीर्थवानी लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए संगठन और समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते रहे हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने साथियों को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

मंडल अध्यक्ष रहते हुए संजय तीर्थवानी ने सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि दिखाई और हर कार्यकर्ता के सुख–दुख में सहभागी बनते हुए संगठनात्मक एकता को सुदृढ़ किया। उनके नेतृत्व और कार्यशैली को लेकर कार्यकर्ताओं में सदैव सकारात्मक ऊर्जा बनी रही। इस अवसर पर संजय गुप्ता माधवगढ़ एवं मनीष गुप्ता उनके निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तियों ने भी इस नियुक्ति को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# ग्रामोदय विवि में किसान ड्रोन प्रौद्योगिकी प्रमाणन कार्यक्रम सम्पन्न

## कुलगुरु प्रो . आलोक चौबे ने छात्रों को किया प्रमाण पत्र वितरित

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 29 अप्रैल । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में कृषि छात्रों के लिए आयोजित किसान ड्रोन प्रौद्योगिकी प्रमाणन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर आयोजित प्रमाण पत्र वितरण समारोह में कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे के मुख्य आतिथ्य में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।**

एविएशन विंग द्वारा संचालित एक माह का विशेष ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम गत दिवस पूर्ण हुआ, जिसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों, विशेषकर ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग हेतु छात्रों को दक्ष बनाना था। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को ड्रोन संचालन, फसल निगरानी, कीटनाशक छिड़काव तथा स्मार्ट कृषि के विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रमाण पत्र वितरण समारोह आज विश्वविद्यालय के एविएशन विंग के प्रथम तल स्थित कक्षा-कक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपने मार्गदर्शक उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने विश्वविद्यालय के मूल उद्देश्य विश्वम् ग्रामे प्रतिष्ठित को रेखांकित करते हुए कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय ग्रामीण जीवन, ज्ञान और तकनीक को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि गांव से गगन तक की अवधारणा इसी सोच का विस्तार है, जिसके अंतर्गत परंपरागत कृषि को आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक, विशेषकर ड्रोन प्रौद्योगिकी से जोड़ा जा रहा है।




उन्होंने आगे कहा कि किसान ड्रोन प्रौद्योगिकी जैसे पाठ्यक्रम ग्रामीण युवाओं को न केवल तकनीकी रूप से सक्षम बनाते हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता और नवाचार की दिशा में भी अग्रसर करते हैं।

इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित करते हैं। कुलगुरु ने सभी प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अधिकारी, शिक्षक, प्रशिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।